# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिन्दी
Chapter : 17
Chapter Name : कारतूस

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिये-

Q1. कर्नल कलिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ?
Ans. कर्नल कलिंज का खेमा जंगल में वज़ीर अली को पकड़ने के लिए लगा हुआ था |
Page no: 133, Block: मौखिक

Q2. वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे ?
Ans. वज़ीर अली से सिपाही इसीलिए तंग आ गए थे क्योंकि उसे ढूंढ़ने के लिए वह हफ्ते भर से जंगल में डेरा डाले हुए थे लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं था |
Page no: 133, Block: मौखिक

Q3. कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए क्यों कहा ?
Ans. कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए इसलिए कहा क्योंकि वह सीधा उन्ही की तरफ आ रहा था | और कर्नल यह भी जानना चाहते थे की वह किस तरफ जा रहा है |
Page no: 133, Block: मौखिक

Q4. सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है ?
Ans. सवार ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह सवार खुद ही वज़ीर अली था, और वह खेमे में खड़ा हुआ था और कोई उसको पहचान भी नहीं पाया था |
Page no: 133, Block: मौखिक

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखीए**

Q1. वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती है ?
Ans. रॉबिनहुड एक बहुत ही बहादुर सिपाही था जो कभी भी सरकार की पकड़ में नहीं आया था | कर्नल को रॉबिनहुड की याद इसीलिए आती क्योंकि वज़ीर अली भी एक जाबाज़ सिपाही था जिसे पकड़ने के लिए सिपाहियों का पूरा खेमा जंगलों में हफ्ते भर से डेरा डाले बैठा था लेकिन उसका कोई नामो-निशान नहीं मिला था |
Page no: 133, Block: लिखित

Q2. सआदत अली कौन थे? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा ?
Ans. सआदत अली आसिफुद्दौला का भाई था | वह बहुत ही ऐश पसंद आदमी था, इसीलिए उसको अवध के तख़्त पर नहीं बैठाया गया था | आसिफुद्दौला का कोई लड़का नहीं थी तो उनके बाद तख़्त सआदत अली को ही मिलने वाला था, लेकिन वज़ीर अली के पैदा होने पर ये नामुमकिन हो गया इसलिए वज़ीर अली को सआदत अली ने अपनी मौत माना था |
Page no: 133, Block: लिखित

Q3. सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था ?

aglasem.com

Ans. सआदत अली एक ऐश पसंद आदमी था और वह कर्नल का बहुत अच्छा दोस्त था | अगर सआदत अली तख़्त पर बैठता तो अवध की आधी संपत्ति कर्नल को मिल जाती, जिससे वह पूरी ज़िंदगी आराम से रह सकता था | इसी वजह से कर्नल सआदत अली को तख़्त पर बैठाना चाहते थे |
Page no: 133, Block: लिखित

Q4. कम्पनी के वकील का क़त्ल करने के बाद वज़ीर अली ने अपनी हिफाज़त कैसे की ?
Ans. कम्पनी के वकील का क़त्ल करने के बाद वज़ीर अली अपने साथियों के साथ आज़मगढ़ की तरफ भागा था, और आज़मगढ़ की लोगों ने उसे हिफाज़त से घागरा तक पंहुचा दिया था | उसके बाद वह कई दिन तक कारवाँ के जंगलों में भटकता रहा था |
Page no: 133, Block: लिखित

Q5. सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया ?
Ans. सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का इसलिए रह जाता है क्योंकि वह सवार खुद वज़ीर अली होता है, कर्नल उसे पहचान नहीं पाता है | कर्नल इतने दिनों से उसको पकड़ने के लिए जंगल में था और वज़ीर उनके खेमे में खुद आ कर, और कर्नल से दस कारतूस लेके चला जाता है और वह कुछ भी नहीं कर पाते है |
Page no: 133, Block: लिखित

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखीए -**

Q1. लेफ्टिनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कम्पनी के खिलाफ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गयी है ?
Ans. लेफ्टिनेंट को ऐसा इसलिए लगा क्योंकि देशभर के सुल्तान और नवाब अंग्रेज़ों के खिलाफ हमला करने की योजना बना रहे थे | टीपू सुल्तान और शम्सुद्दोला ने तो अफ़ग़ानिस्तान के बादशाह को दिल्ली बुलाया था हमला करने के लिए | ऐसा ही एक निमंत्रण वज़ीर अली ने भी अफ़ग़ानिस्तान भेजा था | यह सुनकर लेफ्टिनेंट को लगा की पुरे देश में एक लहर दौड़ गयी है |
Page no: 133, Block: लिखित

Q2. वज़ीर ने कम्पनी के वकील का क़त्ल क्यों किया ?
Ans. जब वज़ीर वकील के पास शिकायत करने गया कि उसे कोलकाता क्यों भेजा जा रहा हैं तब वकील ने उसकी शिकायत नहीं सुनी और बदले में उसको खूब बुरा-भला सुनाया | वज़ीर के दिल में पहली से ही अंग्रेज़ों के लिए नफरत कूट-कूट कर भरी थी, उसने यह सब सुनकर अपना खंजर निकाला और वहीँ पर वकील का क़त्ल कर दिया |
Page no: 133, Block: लिखित

Q3. सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए ?
Ans. सवार ने बहुत ही होशियारी से काम लिया और वह अकेले ही कर्नल के खेमे में पंहुचा, और उसने कर्नल से अकेले में बात करने की इजाज़त मांगी | जब कर्नल ने उससे पूछा कि उसे कारतूस किस लिए चाहिए तो उसने बताया वज़ीर अली को गिरफ्तार करने के लिए | जब कर्नल ने उसे दस कारतूस देने के बाद उसका नाम पूछा तब उसने बताया की वह खुद वज़ीर अली है और साथ में यह भी कहा कि "आपने मुझे कारतूस दिए हैं इसलिए मै आपको ज़िंदा छोड़ रहा हूँ |"
Page no: 133, Block: लिखित

aglasem.com

Q4. वज़ीर अली एक जाबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिये |
Ans. वज़ीर अली एक जाबाज़ सिपाही इसलिए था क्योंकि उसने कभी हार नहीं मानी थी | जब उसको अवध के तख़्त से हटा दिया गया था तब उसने उसका खूब विरोध किया था | जब कम्पनी के वकील ने उसको बुरा-भला कहा था उसने उसका क़त्ल कर दिया था | वज़ीर अली को पकड़ने के लिए सिपाहियों का पूरा खेमा उसके पीछे था फिर भी कोई उसको पकड़ नहीं पाया था | जब बाद में वह खुद कारतूस लेने के लिए खेमे में पंहुचा तब भी वह वहां से बच कर निकल गया था |
Page no: 133, Block: लिखित

**निम्नलिखित के आशय सपष्ट किजिए-**
Q1. मुट्ठीभर आदमी और इतना दमखम |
Ans. इस पंक्ति का यह आशय है की वज़ीर अली बहुत थोड़े आदमियों के साथ जंगलों में भटक रहा था और उसको ढूंढ़ने के लिए सिपाहियों का पूरा खेमा उसके पीछे था | सिपाहियों के पास हर तरह के हथियार थे और भी बहुत सारी सुविधाएं थी, इतना सब होने के बावजूद भी कोई उसको ढूँढ नहीं पाया था |
Page no: 134, Block: लिखित

Q2. गर्द तो ऐसे उड़ रही है जैसे की पूरा एक काफिला चला आ रहा हो मगर मुझे तो एक ही सवार नज़र आता है |
Ans. इस पंक्ति में कहा गया है कि धुल बहुत उड़ रही है पर सवार एक ही दिख रहा है, इस पंक्ति का आशय यह है कि जितनी धुल उड़ रही उससे ऐसा लग रहा था की पूरी सेना आ रही हो | इसका एक मतलब यह है वज़ीर अली खुद ही पूरी सेना के बराबर था |
Page no: 134, Block: लिखित

aglasem.com

भाषा अध्यन
Q1. निम्नलिखित शब्दों का एक- एक पर्याय लिखिए-
खिलाफ़, पाक, उम्मीद, हासिल, कामयाब, बजीफ़ा, नफ़रत, हमला, इंतजार, मुमकिन
Answer:
खिलाफ़- विरूद्ध
पाक- पवित्र
उम्मीद- आशा
हासिल- प्राप्त
कामयाब - सफल
बजीफ़ा - छात्रवृति
नफ़रत - घृणा
हमला - आक्रमण
इंतजार - प्रतिक्षा
मुकमकिन - संभव

Q2. निम्नलिखित मुहावरों का आते वाक्यों में प्रयोग कीजिए -
आँखों में धूल झोंकना, कूट - कूट कर भरना, काम तमाम करना, जान बख़्श, हक्का बक्का रह जाना।
Answer:
क) आँखों में धूल झोकना - मोहन ने रमेश की आंखों में धूल झोंकर पैसे चोरी कर लिये।

ख) कूट कूट कर भरना - आज के नौजवानों में देश भक्ति कूट - कूट कर भरी है।
ग) काम तमाम करना - देश के दुश्मनों का आर्मी वालों ने काम तमाम कर दिया।
घ) जान बख्श देना - पुलिस ने आतंकवादी की जान बख्श दी।
ङ) हक्का- बक्का रह जाना- जब अचानक अध्यापक ने टैस्ट घोषित किया तो विद्यार्थी हक्के - बक्के रह गये।

Q3 . कारक वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ संबंध बताता है। निम्नलिखित वाक्यों में कारकों को रेखांकित कर उनके नाम लिखिए -
क) जंगल की जिंदगी बड़ी खतरनाक होती है।
ख) कंपनी के खिलाफ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई।
ग) वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया।
घ) फ़ौज के लिए कारतूस की आवश्यकता थी।
ड़) सिपाही घोड़े पर सवार था।
Answer:
क) जंगल <u>की</u> जिंदगी बड़ी खतरनाक होती है। - संबंध कारक
ख) कंपनी <u>के</u> खिलाफ सारे हिंदुस्तान <u>में</u> एक लहर दौड़ गई। - संबंथ कारक, अधिकरण कारक
ग) वज़ीर <u>को</u> उसके पद <u>से</u> हटा दिया गया। - कर्म कारक, अपादान कारक
घ) फ़ौज <u>के लिए</u> कारतूस <u>की</u> आवश्यकता थी। - संप्रदान कारक, संबंध कारक
ड़) सिपाही घोड़े <u>पर</u> सवार था।- अधिकरण कारक

aglasem.com

Q4 नीचे दिए गए वाक्यों में 'ने' लगाकर उन्हें दुबारा लिखिए-
क) घोड़ा पानी पी रहा था।
ख) बच्चे दशहरे का मेला देखने गए।
ग) रॉबिनहुड गरीबों की मदद करता था।
घ) देशभर के लोग उसकी प्रशंसा कर रहे थे।
Answer:
क) घोड़े ने पानी पिया।
ख) बच्चे ने दशहरे का मेला देखा।
ग) रॉबिनहुड ने ग़रीबों की मदद की।
घ) देशभर के लोगों ने उसकी प्रशंसा की।

Q5 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम - चिन्ह लगाइए-
क) कर्नल ने कहा सिपाहियों इस पर नजर रखो ये किस तरफ़ जा रहा है
ख) सवार ने पूछा अपने इस मकान पर क्यों खेमा डाला है इतने लावलश्कर की क्या ज़रूरत है
ग) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बाते कर थे चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे एक व्यक्ति कह रहा था दुश्मन कभी भी हमला कर सकता है
Answer:
क) कर्नल ने कहा," सिपाहियों इस पर नजर रखो ये किस तरफ़ जा रहा है"?
ख) सवार ने पूछा," अपने इस मकान पर क्यों खेमा डाला है ? इतने लावलश्कर की क्या ज़रूरत है?"
ग) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बाते कर थे। चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे। एक व्यक्ति कह रहा था, " दुश्मन कभी भी हमला कर सकता है।"

aglasem.com